Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: IQAC

Submission of IIQA

20.01.2023

महाविद्यालय द्वारा नैक के पोर्टल पर IIQAअपलोड किया गया. कॉलेज में बीते दो-तीन महीने से नैक से द्वितीय साइकिल के लिए प्रत्यायन के लिए तैयारी चल रही है तथा 19 जनवरी को ही IIQA जमा करने की करवाई की गयी थी लेकिन तकनीकी व्यवधान के कारण वह अपलोड नहीं हो सका था. प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पूनम ने बताया कि अब अगले डेढ़ माह में एस. एस. आर. जमा किया जायेगा, जिसकी तैयारी चल रही है. उन्होंने कहा कि इस बार सारी तैयारी इतनी बेहतर है कि नैक से हमें ए ग्रेड मिलने की पूरी संभावना है. इस अवसर पर IQAC के समन्वयक प्रो. शिवनारायण सिंह, नोडलऑफिसर प्रो. योगेन्द्र कुमार, डॉ प्रेम कुमारी, गोपाल कुमार, आदित्य भारद्वाज सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे.

सिटी बाइट्स

नैक के लिए कॉलेज ने अपलोड किया आइआइक्यूए

पटना. श्रीअरविंद महिला कॉलेज में एनएएससी के पोर्टल पर आइआइक्यूए अपलोड कर दिया गया है. बीते तीन महीने से नैक से अपग्रेडेशन की तैयारी चल रही है. प्राचार्या प्रो पूनम ने बताया कि शुरुआत में इसे अपलोड करने में तकनीकी परेशानी हुई,लेकिन बाद में यह अपलोड किया गया. इसका स्वीकृति पत्र भी मिल गया है. उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कॉलेज में कई बदलाव भी आये, जिससे नैक मूल्यांकन में काफी मदद मिलेगी. उम्मीद है कि इस बार की नैक में कॉलेज को ए ग्रेड मिलने की संभावना है. इस दौरान प्रो शिवनारायण सिंह, डॉ प्रेम कुमारी, प्रो योगेंद्र, डॉ गोपाल कुमार समेत आक्यूएसी के टीम मेंबर्स मौजूद थे.

अरविन्द महिला कॉलेज ने भरी आईक्यूएसी रिपोर्ट

पटना| अरविन्द महिला कॉलेज की ओर से शुक्रवार को नैक पोर्टल आईक्यूएसी की रिपोर्ट अपलोड कर दिया गया। कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम ने बताया कि पिछले दो-तीन महीने से नैक से अपग्रेडशन की तैयारी चल रही है। आईक्यूएसी की रिपोर्ट जमा करने के 45 दिन बाद एसएसआर रिपोर्ट जमा की जाएगी। एसएसआर रिपोर्ट के आधार पर नैक की टीम कॉलेज में आने की तारीख देगी। इस मौके पर प्रोफेसर शिवनारायण सिंह, डॉ. प्रेम कुमारी के साथ अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।